E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–तक0 को0–312 / 2018..10889

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण,
बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक :– 22-09-2020

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्रों को Land Survey Management System Software (भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर) में संधारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 यथा संशोधित, 2019 द्वारा निर्धारित विशेष सर्वेक्षण के प्रपत्रों को निदेशालय द्वारा तैयार किए गए Land Survey Management System Software में संधारित किया जाना अपेक्षित है।

वर्त्तमान में आपके जिले में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ हो चुका है अतः आवश्यक है कि विशेष सर्वेक्षण से सम्बन्धित प्रारंभिक प्रपत्रों यथा प्रपत्र 1 एवं 2 को सॉफ्टवेयर में संधारित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए एवं कार्य प्रगति के अनुसार अन्य प्रपत्रों को भी संधारित किया जाए। प्रपत्रों को सॉफ्टवेयर में संधारित करने के लिए विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का User ID उनका Employee ID होगा जबकि पासवर्ड 123 होगा जो प्रथम बार Login के पश्चात् OTP के माध्यम से परिवर्तित होगा। OTP को सॉफ्टवेयर द्वारा कर्मियों के उन्हीं मोबाईल नं0 पर भेजा जाएगा, जो उनके द्वारा नियोजन के समय संधारित किया गया था। इस सॉफ्टवेयर का Operational User Manual (भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर) निदेशालय के वेबसाईट के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। सॉफ्टवेयर में प्रपत्रों की इंट्री करने का दायित्व पूर्व से निर्धारित है जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि Land Survey Management System Software (भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर) में प्रपत्रों के संधारण का कार्य यथाशीघ्र आरम्भ कराया जाए ताकि कार्य के प्रगति प्रतिवेदन को ऑनलाईन माध्यम से अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जा सके।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 22/9/20
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0 को0–312 / 2018.........10889................. **पटना, दिनांक :–** 22-09-2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 22/9/20
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2020\Birendra Kumar ASO\director\file no312 2018 21.09.2020.doc

ज्ञापांकः – 17–तक0 को0–312 / 2018.........10889.................. **पटना, दिनांक** :–22-09-2020

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप के निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु एवं सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2020\Birendra Kumar ASO\director\file no312 2018 21.09.2020.doc

Land Survey Management System

Prapatr	Scan/ Entry	Login by Whom
Prapatr - 1	Scan	Amin
Prapatr - 2	Scan	Amin
Prapatr - 3, 3(1), 3(2)	Scan	Amin
Prapatr - 4	Entry	Amin
Prapatr - 5	Entry	Amin
Prapatr - 6	Entry	Amin
Prapatr - 7	Auto Generated	ASO
Prapatr - 8, 9	Scan	Kanoongo
Prapatr - 10	Entry	Kanoongo
Prapatr - 11	Scan	Kanoongo
Prapatr - 12	Auto Generated	ASO
Prapatr - 13	Scan	ASO
Prapatr - 14	Scan	ASO
Prapatr - 15	Entry	ASO
Prapatr - 16,17	Scan	ASO
Prapatr - 18	Auto Generated	ASO
Prapatr - 18(क)	Entry	ASO(HQ)
Prapatr - 19	Auto Generated	ASO
Prapatr - 20	Auto Generated	ASO(HQ)
Prapatr - 21	Scan	Decide Later, As per Directive
Prapatr - 22	Scan	